UNIVERSITY NEWS 19 NOVEMBER 2026

HINDUSTAN

एलयू ने बीबीए समेत कई पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया

बीबीए एलएलबी और एलएलबी की परीक्षाएं सात दिसम्बर से शुरू होंगी

लखनऊ। विश्वविद्यालय ने बीबीए एलएलबी, एलएलबी इंटीग्रेटेड और एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षाएं 30 नवम्बर से शुरू होंगी। बीबीए एलएलबी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा सात से 19 दिसम्बर तक दोपहर दो से शाम पांच बजे की पाली में होगी। वहीं, एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स (बैक पेपर) की परीक्षा सात से 22 दिसम्बर तक होगी। न्यू कोर्स के रेगुलर और बैक पेपर की परीक्षा सात से 19 दिसम्बर तक आयोजित की जाएगी।

एलएलबी इंटीग्रेटेड तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 30 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक सुबह 8:30 से 11:30 बजे तक होगी। वर्ष 2019 के बैक पेपर की परीक्षा 30 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक चलेगी। पंचम सेमेस्टर ओल्ड कोर्स के एग्जम्टेड और बैक पेपर की परीक्षा 30 नवम्बर से 15 दिसम्बर तक दोपहर दो से पांच बजे होगी। न्यू कोर्स के रेगुलर छात्रों की परीक्षा 30 नवम्बर से 11 दिसम्बर तक होगी। सप्तम सेमेस्टर के न्यू और ओल्ड कोर्स की रेगुलर, एग्जम्टेड और बैक पेपर परीक्षाएं एक से 16 दिसम्बर तक आयोजित की जाएंगी। एलएलबी तीन वर्षीय पाठ्यक्रम के प्रथम सेमेस्टर न्यू कोर्स की परीक्षा आठ से 21 दिसम्बर और ओल्ड कोर्स की परीक्षा आठ से 23 दिसम्बर तक होगी। तृतीय सेमेस्टर न्यू कोर्स की परीक्षा एक से 12 दिसम्बर और ओल्ड कोर्स की बैक पेपर परीक्षा एक से 16 दिसम्बर तक चलेगी। पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 30 नवम्बर से 17 दिसम्बर तक सुबह की पाली में होगी।



एमबीए समेत कई कोर्स की परीक्षाएं भी 30 से

एमबीए बिजनेस एनालिटिक्स तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 30 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक दोपहर दो से पांच बजे होगी। एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस और मार्केटिंग की परीक्षा 30 नवम्बर से 12 दिसम्बर तक इसी पाली में होगी। एमबीए ह्यूमन रिसोर्स और फाइनेंस एंड कंट्रोल की परीक्षा 30 नवम्बर से 16 दिसम्बर तक होगी। बीकॉम (बीएफएसआई) प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 30 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक दोपहर 2:30 से शाम 4:30 बजे तक होगी। एमए फिलॉसफी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा दो से 15 दिसम्बर और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा एक से 10 दिसम्बर तक दोपहर दो से पांच बजे की पाली में आयोजित की जाएगी।

स्थापना दिवस 25 को, नौ पूर्व छात्र होंगे खास मेहमान

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि होंगे। बता दें कि 25 नवंबर को विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में आयोजित मुख्य समारोह में देश के प्रशासनिक, न्यायिक, सैन्य, वैज्ञानिक और कॉरपोरेट जगत में महत्वपूर्ण पदों पर विश्वविद्यालय के नौ पूर्व छात्र विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

समारोह की पूर्व संध्या पर 24 नवंबर को पद्मश्री लोकगायिका मालिनी अवस्थी की मौजूदगी में सांस्कृतिक संध्या और कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस दौरान शिक्षा और पत्रकारिता जगत की हस्तियों को सम्मानित भी किया जाएगा। बुधवार को प्रशासनिक भवन स्थित मंथन हॉल में कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की अध्यक्षता में स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। इसमें विभिन्न आयोजन समितियों के कार्यों की प्रगति की समीक्षा कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। आयोजन की तैयारियां प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता और प्रो. ध्रुव सेन सिंह के संयोजन में चल रही हैं। 24 नवंबर को मालवीय सभागार में होने वाले कार्यक्रम में मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि होंगी। 25 नवंबर को मुख्य समारोह होगा।

इनका होगा सम्मान

पूर्व कुलपति प्रो. पूनम टंडन, प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल शुक्ल, प्रो. डीपी तिवारी, प्रो. बिंदा प्रसाद मिश्र, प्रो. सीपी बर्थवाल और प्रो. बलराज चौहान को सम्मानित किया जाएगा। पत्रकारिता जगत से वरिष्ठ पत्रकार मनीष श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार प्रांशु मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार आशुतोष शुक्ल, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण कुमार, वरिष्ठ पत्रकार राजन परिहार और वरिष्ठ पत्रकार भूपेन्द्र कुमार पाण्डे सम्मानित होंगे। वहीं, 25 नवंबर को स्थापना दिवस का मुख्य समारोह होगा। सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, भारत सरकार के संयुक्त सचिव अनुपम कुमार, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय के निदेशक धीरज पान्डे, आईआईटी बॉम्बे के प्रो. राहुल पुरवार, महावीर चक्र विजेता कमाण्डर अरविन्द सिंह आदि विशिष्ट अतिथि होंगे।

AMAR UJALA

लखनऊ विवि के स्थापना दिवस पर जुटेंगे दिग्गज

25 नवंबर को मुख्य कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के 106वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 25 नवंबर को होने वाले मुख्य समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि होंगे। इस मौके पर सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव अनुपम कुमार, परमाणु खनिज अन्वेषण व अनुसंधान निदेशालय के निदेशक धीरज पांडेय, आईआईटी बॉम्बे के प्रो. राहुल पुरवार, महावीर चक्र विजेता नौसेना के कमांडर अरविंद सिंह, ओएनजीसी के मुख्य महाप्रबंधक मनीष शुक्ला, इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, अदाणी एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष आनंद सिंह विशेन और मुख्यमंत्री के विशेष सचिव विशाल भारद्वाज शामिल होंगे।

बुधवार को समारोह की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक भवन स्थित मंथन हॉल में कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। इस मौके पर तय हुआ कि स्थापना दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर 24 नवंबर को दोपहर तीन बजे से मालवीय सभागार में सांस्कृतिक संध्या और कवि सम्मेलन आयोजित होगा। इसमें पद्मश्री मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि होंगी। इस दौरान शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।



सीआरपीएफ महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह व केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव अनुपम कुमार होंगे शामिल

शिक्षा और पत्रकारिता जगत की ये हस्तियां होंगी सम्मानित

सम्मानित होने वाले शिक्षाविदों में पूर्व कुलपति प्रो. पूनम टंडन, प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल शुक्ल, प्रो. डीपी तिवारी, प्रो. बिंदा प्रसाद मिश्र, प्रो. सीपी बर्थवाल और प्रो. बलराज चौहान शामिल हैं। वहीं, पत्रकारिता जगत से वरिष्ठ पत्रकार मनीष श्रीवास्तव, प्रांशु मिश्रा, आशुतोष शुक्ल, प्रवीण कुमार, राजन परिहार और भूपेंद्र कुमार पांडेय को सम्मानित किया जाएगा।

I NEXT

ताइक्वांडो टीम के लिए 26 को ट्रायल

LUCKNOW:लखनऊ विश्वविद्यालय की पुरुष एवं महिला ताइक्वांडो टीमों के चयन के लिए 26 नवंबर को सुबह 10 बजे गोमती नगर स्थित एलिमेंट्स मार्शल आर्ट्स अकादमी में ट्रायल होगा. इच्छुक खिलाड़ियों को 24 नवंबर को शाम पांच बजे तक एथलेटिक एसोसिएशन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन कराना होगा. चयनित खिलाड़ी अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिता 2026-27 में भाग लेंगे.

I NEXT

25 को एलयू का स्थापना दिवस

LUCKNOW (18 Nov): लखनऊ यूनिवर्सिटी के 106वें स्थापना दिवस एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है. बुधवार को कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी की अध्यक्षता में मंथन हॉल में समीक्षा बैठक हुई. समारोह 24 और 25 नवंबर को आयोजित होगा. 24 नवंबर को मालवीय सभागार में सांस्कृतिक संध्या और कवि सम्मेलन होगा, जिसमें लोक गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि रहेंगी. इस दौरान शिक्षा और पत्रकारिता जगत के प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा. वहीं, 25 नवंबर को मुख्य समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि होंगे. इस अवसर पर सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, महावीर चक्र विजेता कमांडर अरविंद सिंह, न्यायमूर्ति बृजराज सिंह समेत नौ प्रतिष्ठित पूर्व छात्र विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे. वीसी ने सभी समितियों को व्यवस्थाएं समय से पूरी करने के निर्देश दिए.

NBT

सर्वोच्च मुकाम हासिल करने वाले छात्रों के नाम फाइनल

LU करेगा 'नवरत्नों' का सम्मान

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) स्थापना दिवस इस बार नवरत्नों का सम्मान करेगा। विवि की ओर से 9 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें ब्यूरोक्रेसी, न्यायिक सेवा, नेवी, विज्ञान और कॉर्पोरेट सेक्टर में सर्वोच्च मुकाम हासिल करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। इस बार खास बात ये रहेगी कि 25 को 9 पूर्व छात्र होंगे सम्मानित समारोह दो दिन आयोजित किया जाएगा। इसमें पहले दिन 24 को कवि सम्मेलन और शिक्षाविद समेत मीडिया जगत की हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा। वहीं दूसरे दिन मुख्य समारोह होगा जिसमें अलग अलग सेक्टर के 9 पूर्व छात्रों को सम्मानित किया जाएगा।

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बुधवार को इस साल सम्मानित होने वाले सभी पूर्व छात्रों के नाम फाइनल कर दिए गए। साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा जारी कर दी गई है। 19 नवंबर से विभागों में कार्यक्रम की शुरुआत हो जाएगी। मुख्य समारोह में सांस्कृतिक संध्या भी होगी, जिसमें विवि के छात्र सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। इस बार भी विवि समारोह एलयू की अल्मनाई असोसिएशन की ओर से किया जा रहा है। विवि के प्रवक्ता मुकुल श्रीवास्तव ने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक शामिल होंगे जो पूर्व छात्रों को सम्मानित करेंगे। इस मौके पर सभी पूर्व छात्र अपने अपने अनुभव भी साझा करेंगे।



ये होंगे सम्मानित

ब्यूरोक्रेसी, न्यायिक सेवा, नेवी, विज्ञान और कॉरपोरेट सेक्टर में हासिल किया ऊंचा मुकाम

- **न्यायमूर्ति बृजराज सिंह:** उच्च न्यायालय, लखनऊ
- **धीरज पांडे:** निदेशक, परमाणु खनिज अन्वेषण अनुसंधान निदेशालय
- **ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह:** DG, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल
- **प्रो. राहुल पुरवार:** प्रोफेसर, IIT बॉम्बे, चेयरमैन, इम्प्लोएक्ट
- **विशाल भारद्वाज:** विशेष सचिव, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश
- **कमांडर श्री अरविन्द सिंह:** महावीर चक्र विजेता, नौसेना
- **आनन्द सिंह विशेन:** उपाध्यक्ष, अदाणी एंटरप्राइजेज
- **अनुपम कुमार:** संयुक्त सचिव, भारत सरकार
- **मनीष शुक्ला:** मुख्य महाप्रबंधक, ओएनजीसी

'फार्मेसी में AI को शामिल करना आज की जरूरत'

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ : आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) अब इंजीनियरिंग और आईटी सेक्टर तक सीमित नहीं है। मेडिकल और फार्मेसी के क्षेत्र में भी इसकी उपयोगिता तेजी से बढ़ रही है। नई दवाओं की खोज, सटीक रिसर्च और मरीजों के बेहतर इलाज के लिए फार्मेसी के पाठ्यक्रम में एआई को शामिल करना जरूरी है, ताकि आने वाले समय में फार्मेसिस्ट नई तकनीकी चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें।

AKTU में फार्मेसी काउंसिल के कार्यक्रम में राज्यमंत्री दानिश आजद ने कहा- नई तकनीक से बदल रहा मेडिकल क्षेत्र

यह बात एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पांडेय ने बुधवार को कही।

एकेटीयू में विश्व फार्मासिस्ट दिवस और राष्ट्रीय फार्मेसी सप्ताह के तहत फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रयास कर रही है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित किए गए हैं। वहीं, ललितपुर में 1500 एकड़ में प्रदेश का पहला फार्मा पार्क विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एआई और मशीन लर्निंग जैसी तकनीकों से मेडिकल साइंस तेजी से बदल रहा है। फार्मेसी के छात्रों को पढ़ाई के दौरान ही इनका व्यावहारिक ज्ञान देना चाहिए। इससे नई और जीवनरक्षक दवाओं की खोज में तेजी आएगी।

कार्यक्रम से पहले फार्मेसी के छात्रों ने जागरूकता रैली निकाली। इसमें ऐंटीबायोटिक के दुरुपयोग और बिना डॉक्टर की सलाह दवा लेने के नुकसान बताए गए। परिसर में पोस्टर मेकिंग, वाद-विवाद और रंगोली प्रतियोगिताएं भी हुईं। विजेताओं को सम्मानित किया गया।

AAJ

एलयू के स्थापना दिवस की तैयारियों की कुलपति ने की समीक्षा

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि देश के शीर्ष पदों पर आसीन 9 प्रतिष्ठित एलुमनाई होंगे विशिष्ट अतिथि

लखनऊ,(आज समाचार सेवा)। लखनऊ विश्वविद्यालय के आगामी 106वें स्थापना दिवस एवं पूर्व छात्र मिलन समारोह के भव्य और सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर बुधवार को प्रशासनिक भवन स्थित 'मंथन हॉल' में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो जय प्रकाश सैनी ने की, इस दौरान स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में उन्होने बताया कि इस मुख्य समारोह में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। स्थापना दिवस समारोह का भव्य शुभारंभ मुख्य दिवस की पूर्व संध्या अर्थात '24 नवंबर 2026' को अपराह्न 3 बजे से सायं 5: 30 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर स्थित मालवीय सभागार में होगा। कुलपति की अध्यक्षता में होने वाले इस समारोह में सुप्रसिद्ध भारतीय लोक गायिका श्रीमती मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। इस दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों और कवि सम्मेलन के साथ.साथ शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विश्वविद्यालय के निम्नलिखित प्रतिष्ठित पूर्व छात्रों एलुमनाई को सम्मानित किया जाएगा, जिनमें प्रो पूनम टंडन पूर्व कुलपति, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर, प्रो. मनोज दीक्षित पूर्व कुलपति, डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, प्रो अनिल शुक्ल पूर्व कुलपति, महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय, बरेली , प्रो. डीपी तिवारी पूर्व कुलपति, राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज, प्रो बिंदा प्रसाद मिश्र पूर्व कुलपति संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी, प्रो सीपी बर्थवाल, पूर्व कुलपति, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, उत्तराखंड प्रो बलराज चौहान पूर्व कुलपति, डॉ राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ एवं धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर प्रमुख रूप से शामिल हैं।

AMAR UJALA

लविवि का परीक्षा कार्यक्रम जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने बुधवार को बीए एलएलबी, एमए, बीकॉम व एमबीए विषम सेमेस्टर परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। एलएलबी (इंटीग्रेटेड) तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 30 नवंबर 2026 से शुरू होंगी, जबकि प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 7 दिसंबर शुरू होंगी। कला संकाय के दर्शनशास्त्र विभाग की ओर से विषम सेमेस्टर परीक्षा 2 दिसंबर से 15 दिसंबर बीच होंगी। एमए दर्शनशास्त्र तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 1 दिसंबर से शुरू होंगी। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज ने एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स, इंटरनेशनल बिजनेस, मार्केटिंग, एचआर और एफएंडसी) तृतीय सेमेस्टर (रेगुलर, बैक पेपर व एक्सम्प्टेड) सत्र 2026 की विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं भी 30 नवंबर से शुरू होंगी। विद्यार्थी lkouniv.ac.in पर परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं। (संवाद)

DAINIK JAGRAN

प्रायोगिक परीक्षा 17 दिसंबर से

लखनऊ : लवि के रसायन विज्ञान विभाग ने एम.एससी प्रथम सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है। नियमित व सेल्फ फाइनेंस के विद्यार्थियों की परीक्षाएं 17 से 19 दिसंबर तक होंगी। वि.

UNIVERSITY NEWS 19 NOVEMBER 2026

DAINIK JAGRAN

लवि स्थापना दिवस के अतिथि होंगे पूर्व विद्यार्थी

जासं ● लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय (लवि) के 106वें स्थापना दिवस समारोह में इस बार देश के प्रशासनिक, न्यायिक, सैन्य, वैज्ञानिक और कार्पोरेट जगत में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल रहे नौ पूर्व विद्यार्थी एक मंच पर जुटेंगे। 25 नवंबर को आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मुख्य अतिथि होंगे। 24 नवंबर को स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में पद्मश्री से अलंकृत लोक गायिका मालिनी अवस्थी मुख्य अतिथि होंगी। इस दौरान शिक्षा और पत्रकारिता जगत की 13 प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया जाएगा।

स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए बुधवार को विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन स्थित मंथन हाल में कुलपति प्रो. जेपी सैनी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। कुलपति ने सभी समितियों को विश्वविद्यालय की 106 वर्षों की गौरवशाली परंपरा के अनुरूप आयोजन को गरिमामय और सुव्यवस्थित बनाने के निर्देश दिए। तैयारियों की जिम्मेदारी प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता और प्रो. ध्रुव सेन सिंह के संयोजन में संभाली जा रही है। 25 नवंबर को मुख्य समारोह होगा। विशिष्ट अतिथि सीआरपीएफ के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, केंद्र सरकार के संयुक्त सचिव अनुपम कुमार, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय के निदेशक धीरज पांडेय, आइआइटी मुंबई के प्रो. राहुल पुरवार, महावीर चक्र विजेता नौसेना के कमांडर अरविंद सिंह, ओएनजीसी के मुख्य महाप्रबंधक मनीष शुक्ला, इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ पीठ के न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, अदाणी एंटरप्राइजेज के उपाध्यक्ष आनंद सिंह विशेन और मुख्यमंत्री के विशेष सचिव विशाल भारद्वाज शामिल होंगे।



लवि के स्थापना दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक करते कुलपति प्रो. जेपी सैनी ● सौ लवि

24 नवंबर को दोपहर तीन से शाम 5:30 बजे तक मालवीय सभागार में सांस्कृतिक कार्यक्रम और कवि सम्मेलन होगा। इसमें शिक्षाविद प्रो. पूनम टंडन, प्रो. मनोज दीक्षित, प्रो. अनिल शुक्ल, प्रो. डीपी तिवारी, प्रो. बिंदा प्रसाद मिश्र, प्रो. सीपी बर्थवाल, प्रो. बलराज चौहान, दैनिक जागरण के राज्य संपादक (उत्तर प्रदेश) आशुतोष शुक्ल के साथ वरिष्ठ पत्रकारों मनीष श्रीवास्तव, प्रांशु मिश्रा, प्रवीण कुमार, राजन परिहार व भूपेंद्र कुमार पांडेय को सम्मानित किया जाएगा।

HINDUSTAN TIMES

LU finalises preparations for 106th Foundation Day

HT Correspondent
letters@hindustantimes.com

LUCKNOW: The preparations for 106th Lucknow University Foundation Day celebrations were finalised during a review meeting at the Manthan Hall of the administrative building on Wednesday.

The events will begin at 2 pm onwards at Malviya Hall on November 24. Folk singer Malini Awasthi will be the chief guest where Cultural programmes and a kavi sammelan will be held. Alumni from education and journalism will be honoured.

The main programme will be held on November 25 from 5.30 pm onwards at Malviya Hall. Uttar Pradesh deputy chief minister Brajesh Pathak will be the chief guest. Nine alumni will attend as special guests.

LU VC Prof. Saini told the committees that arrangements for welcome, hall management and cultural programmes should align with the university's 106-year tradition.

TIMES OF INDIA

CELEBRATING EXCELLENCE

Lucknow University will celebrate the achievements of its former students by honouring 19 distinguished alumni from academia and journalism on its 106th foundation day celebrations on Nov 24-25. The cultural event, to be held at Malviya Hall on Nov 24, will be attended by folk singer and Padma Shri awardee Malini Awasthi as the chief guest. Deputy chief minister Brajesh Pathak will be the chief guest of the main foundation day celebrations on Nov 25

NOV 24

Alumni from academia and media to be felicitated:

Prof Poonam Tandon | Former vice-chancellor, Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur University

Prof Manoj Dixit | Former vice-chancellor, Dr Ram Manohar Lohia Avadh University, Ayodhya

Prof Anil Shukla | Former vice-chancellor, Mahatma Jyotiba Phule Rohilkhand University, Bareilly

Prof DP Tiwari | Former vice-chancellor, Rajarshi Tandon Open University, Prayagraj

Prof Binda Prasad Mishra | Former vice-chancellor, Sampurnanand Sanskrit University, Varanasi



Prof CP Barthwal | Former vice-chancellor, Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University, Uttarakhand

Prof Balraj Chauhan | Former vice-chancellor, Dr Ram Manohar Lohia National Law University, Lucknow, and Dharmashastra National Law University, Jabalpur

➤ **Six editors** from leading Hindi and English newspapers of the country

NOV 25

Nine distinguished alumni to attend as special guests:

Gyanendra Pratap Singh | Director General, CRPF

Anupam Kumar | Joint secretary, Govt of India

Dheeraj Pandey | Director, Atomic Minerals Directorate for Exploration and Research, Govt of India

Prof Rahul Purwar | IIT-Bombay and chairman, ImmunoACT

Commodore Arvind Singh | Maha Vir Chakra awardee, Indian Navy

Manish Shukla | Chief general manager, ONGC

Justice Braj Raj Singh | Judge, Allahabad High Court, Lucknow Bench

Anand Singh Vishen | Vice-president, Adani Enterprises

Vishal Bhardwaj | Special secretary to the Chief Minister, Uttar Pradesh

I NEXT

17 दिसबर से होंगे प्रैक्टिकल एग्जाम

LUCKNOW: लखनऊ विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग ने एमएससी प्रथम सेमेस्टर (एनईपी) की प्रायोगिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी कर दिया है. नियमित और सेल्फ फाइनेंस के विद्यार्थियों की परीक्षाएं 17 से 19 दिसंबर तक सुबह 10 से शाम पांच बजे के बीच होंगी. विद्यार्थियों को पहचान पत्र, शुल्क रसीद और परीक्षा फार्म साथ लाना अनिवार्य है.

AMRIT VICHAR

लविवि के स्थापना दिवस पर सम्मानित होंगे बुलंदियां छू रहे पूर्व छात्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 25 नवंबर को मनाया जाएगा 106वां स्थापना दिवस
- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक होंगे मुख्य अतिथि, कई हस्तियां आएंगी

अमृत विचार: लखनऊ विश्वविद्यालय के 106 वां स्थापना दिवस समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय स्थान हासिल करने वाले विवि के विद्यार्थियों, विशिष्ट पुरा छात्रों, शिक्षाविदों और पूर्व कुलपतियों को सम्मानित किया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के मुख्य आतिथ्य में होने वाले इस आयोजन में शीर्ष प्रशासनिक, न्यायिक, सैन्य, वैज्ञानिक व कॉर्पोरेट जगत के नौ प्रतिष्ठित पुराछात्र विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. जय प्रकाश सैनी ने बुधवार को 25 नवंबर को होने विवि के 106वें स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों की समीक्षा। इसमें बताया गया कि 24 नवंबर को सांस्कृतिक संध्या में मालिनी अवस्थी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगी।

इसके बाद पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय स्थान हासिल करने वाले विवि के विद्यार्थियों सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति प्रो. पूनम टंडन, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित, बरेली महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. अनिल शुक्ल, राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डीपी तिवारी, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बिंदा प्रसाद मिश्र, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय, उत्तराखंड के पूर्व कुलपति प्रो. सीपी बर्थवाल, डॉ. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रो. पूनम टंडन की अध्यक्षता व प्रो. ध्रुव सेन सिंह के संयोजन तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं।



आनंद सिंह विशेन, न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, मनीष शुक्ला, ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, कमांडर अरविंद सिंह, प्रो. राहुल पुरवार, धीरज पांडेय, अनुपम कुमार, विशाल भारद्वाज।

इन पूर्व छात्रों को किया जाएगा समानित

- ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, महानिदेशक केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल
- अनुपम कुमार, संयुक्त सचिव भारत सरकार
- धीरज पांडेय, निदेशक, परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय भारत सरकार
- प्रो. राहुल पुरवार, आईआईटी बॉम्बे व चेयरमैन इम्यूनोएक्ट
- कमांडर अरविंद सिंह, महावीर चक्र विजेता भारतीय
- मनीष शुक्ला, मुख्य महाप्रबंधक ओएनजीसी
- न्यायमूर्ति बृजराज सिंह, उच्च न्यायालय, लखनऊ
- आनन्द सिंह विशेन, उपाध्यक्ष, अदाणी एंटरप्राइजेज
- विशाल भारद्वाज, विशेष सचिव मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश

AMRIT VICHAR

लविवि में विधि, एमबीए, एमए और बीकॉम परीक्षाएं 30 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: लविवि प्रशासन ने विषम सेमेस्टर परीक्षा-2026 के तहत विधि संकाय, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस), वाणिज्य संकाय और कला संकाय के कई प्रमुख पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, अधिकांश पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं 30 नवंबर से प्रारंभ होकर 23 दिसंबर तक चलेंगी।

विधि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रो. आरके वर्मा की ओर से जारी कार्यक्रम के तहत एलएलबी (त्रिवर्षीय) और एलएलबी (इंटीग्रेटेड) के विभिन्न सेमेस्टरों की परीक्षाएं दो पालियों में होंगी। सुबह की पाली 8:30 से 11:30 बजे तक तथा शाम की पाली दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक निर्धारित की गई है। इसके अतिरिक्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस) के अंतर्गत एमबीए के विभिन्न पाठ्यक्रमों की तृतीय सेमेस्टर परीक्षाएं भी 30 नवंबर से शुरू होंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि परीक्षार्थी किसी भी प्रकार के संशोधन या अद्यतन जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट का नियमित अवलोकन करते रहें।

विधि संकाय (एलएलबी एवं बीबीए एलएलबी)

- बीबीए एलएलबी (इंटीग्रेटेड) प्रथम सेमेस्टर : 7 से 19 दिसंबर
- एलएलबी (इंटीग्रेटेड) प्रथम सेमेस्टर (न्यू व ओल्ड कोर्स) : 7 से 22 दिसंबर
- एलएलबी (इंटीग्रेटेड) तृतीय सेमेस्टर (न्यू कोर्स) : 30 नवंबर से 11 दिसंबर
- एलएलबी त्रिवर्षीय प्रथम सेमेस्टर (न्यू, ओल्ड व एजेमेंट) : 8 से 23 दिसंबर
- एलएलबी त्रिवर्षीयतृतीय सेमेस्टर (न्यू, ओल्ड व एजेमेंट) : 1 से 16 दिसंबर
- एलएलबी त्रिवर्षीय पंचम सेमेस्टर (रेगुलर व बैक पेपर) : 30 नवंबर से 19 दिसंबर

इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज (आईएमएस)

- एमबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) तृतीय सेमेस्टर : 30 नवंबर से 16 दिसंबर तक
- एमबीए (इंटरनेशनल बिजनेस व मार्केटिंग) तृतीय सेमेस्टर : 30 नवंबर से 12 दिसंबर तक

कला एवं वाणिज्य संकाय

- एमए (दर्शनशास्त्र) प्रथम सेमेस्टर : 2 दिसंबर से 15 दिसंबर
- एमए (दर्शनशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर : 1 दिसंबर से 10 दिसंबर